कार्यालय जनपद न्यायाधीश, वाराणसी।

संख्या 138 /XV/ नाजरत दिनांकः 15, जुलाई, 2015

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय वाराणसी परिसर में निष्प्रयोज्य सामान जैसे लकड़ी की कुर्सियॉ, लकड़ी की टेबुल, बेंच, लोहे की कुसियॉ, लोहे की कूड़ादान, कूलर, कनस्टर, खिड़की पल्ला, लोहे का बुक सेल्फ, बक्सा, खिड़की पल्ला, ट्यूबलाईट पट्टी, लोहे की जाली, घड़ी रेगुलेटर, गाटर, लोहे का एंगल, चोक, बड़ा गेट, कूड़ा स्टैण्ड, रिवाल्विंग चेयर, लोहे की आलमारी आदि (जहॉ है, जिस अवस्था में है।) की नीलामी दिनांक 10.08.2015 को सायं 04:00 बजे जनपद न्यायालय के मनोरंजन कक्ष में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष की जायेगी। जिस व्यक्ति को उक्त नीलामी में भाग लेना हो, वह उक्त समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति सामानो का निरीक्षण किसी भी कार्यालय दिवस व अवधि में नजारत कार्यालय में कर सकते है।

नीलामी बोली में भाग लेने वाले प्रत्येक बोली दाता को बोली से पूर्व रू0 5,000/– (रू0 पांच हजार मात्र) दिनांक 07.08.2015 तक जमानत के रूप में जमा करना होगा। नीलामी सबसे अधिक बोली पर समाप्त की जायेगी। बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोलीदाता को तुरन्त जमा करना होगा तथा नीलाम हुए सभी सामानो को 03 दिन के अन्दर उठा लेना होगा। नीलामी की अन्तिम स्वीकृति जिला जज, वाराणसी द्वारा दी जायेगी। जिला जज महोदय को बिना कोई कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा अन्य कोई निर्णय लिये जाने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(मो0 असलम)
अपर जिला एवं सेशन जज, कक्ष सं0 1
अध्यक्ष–कय समिति/
जनपद न्यायालय, वाराणसी।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– नजारत कार्यालय आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
2– नजारत कार्यालय जिलाधिकारी, वाराणसी।
3– कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4– स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
5– माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाईट http://www.allahabadhighcourt.in पर।

(मो0 असलम)
अपर जिला एवं सेशन जज, कक्ष सं0 1
अध्यक्ष–कय समिति/
जनपद न्यायालय, वाराणसी।